## श्रीराम गऊ नंदीशाला में किया पौधारोपण

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। हरियाली अमावस्या के दिन पौधे लगाने का विशेष महत्व माना गया है। ऐसे में आप पितृ दोष से मुक्ति के लिए हरियाली अमावस्या पर किसी भी स्थान या फिर जंगल आदि में पीपल या अन्य कोई भी पौधा लगा सकते हैं ऐसा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। इसी के तहत निकटवर्ती ग्राम पंचायत हांसपुर के सती वाले जोहड़ में संचालित श्रीराम गऊ नंदीशाला में 21 पौधे लगाए गए। संचालक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि राजकीय चिकित्सालय श्रीमाधोपुर के वरिष्ठ डा. मुकेश कुमार कानूनगो, योगेश कानूनगो, राजू बागवान, राकेश सिंगोदिया, भव्य, निधि, नंदन, दुनाराम आदि ने पीपल, आम, जामुन, आंवला, बिलपत्र एवं 11 पौधे शीशम, नीम के सरपंच बिमला देवी, सुभाष शर्मा द्वारा दिए गए लगाए। राजू बागवान ने बताया कि हरियाली शब्द जुबान पर आते ही खुशी सी महसूस होने लगती हैं इसलिए ही सावन माह की हरियाली अमावस्या को पौधा रोपण किया गया है, डा. मुकेश कानूनगो ने कहां की हरियाली अमावस्या सनातन धर्म में संस्कृति व प्रकृति का संदेश देती हैं।

# हाथ में कटोरे लेकर राशन डीलर्स ने मांगों के लिए किया विरोध-प्रदर्शन

**चाकसू,** (निसं)। प्रदेश राशन संघर्ष समिति के आव्हान पर क्षेत्र के 90 डीलर्स का सोमवार को हड़ताल का 5 वां दिन है इस दौरान राशन की दुकानें बंद रही। खाद्य सामग्री के लिये उपभोक्ता के सामने संकट पैदा हो गया है वह इधर -उधर भटकने को मजबूर है।

सोमवार को चाकसू राशन डीलर्स ऐशोसिशन के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में हाथ में कटोरे लेकर उचित मूल्य के दुकानदारों ने भीख मांगकर प्रदर्शन किया साथ ही 30 हजार मानदेय व 2 प्रतिशत छीजत का उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन भी सौंपा। गौरतलब है की राशन डीलर्स पुर्व में क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा को ज्ञापन दे चुके है। वही जिला रसद अधिकारी जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया ने भी राशन डीलर्स को



चाकसू में कटोरे लेकर राशन डीलर्स ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

बुलवाकर हड़ताल खत्म करने की बात कही लेकिन वार्ता सफल नहीं हो सकी। इस अवसर पर बारा जिले में प्रदर्शन के दौरान राशन डीलर्स रामेश्वर मीना की आकस्मिक मोत होने पर सभी उचित मूल्य दुकानदारों ने 2 मिनट का मोन रखकर उनकी आत्मा को शांति दी।

■ 30 हजार मानदेय व 2 प्रतिशत छीजत का मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा को सौंपा

इस अवसर रहीश मोहमंद , ओमप्रकाश शर्मा , बन्ना लाल जाट , हरिनारायण कुम्हार , रामवतार शर्मा , कजोड़मल गुप्ता , जगदीश चौधरी , शकील मोहम्मद , मोहनलाल गुर्जर , अमित सांसी , शिवराज बढेरा , शिवराज मीना , साबिर हुसेन , गणेश शर्मा , जगदीश गुर्जर , सुनील शर्मा ,ओमप्रकाश गुप्ता , रामबाबू गुप्ता सहित कई राशन डीलर्स मौजूद थे।

## सार-समाचार

### चोरी के आरोप में चार को पकड़ा

**टोंक,** (कासं)। पुलिस ने नकबजनियों की वारदात में लिप्त चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गत 12 अप्रेल को परिवादियां रेहाना ने पुरानी टोंक थाना में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनांक 06.04.2024 उनके बडे भाई का देहान्त हो जाने से सभी परिजन जयपुर चले गये तथा जब दिनांक 12.04.2024 को पडोसी की सुचना आकर देखा तो मकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोर मकान से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गये। जिस पर जिला अधीक्षक, संजीन नैन के निर्देशो पर टोंक वृत्ताधिकारी राजेश विद्यार्थी एवं थानाधिकारी उदयवीर सिंह पुरानी टोंक ने विशेष दल का गठन कर अज्ञात चोरों की तलाश की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटैज की सहायता से एवं तकनीकी संसाधनों की सहायता से संदिग्धों से पुछताछ की गई एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित कर मुल्जिमानों का एक रोड़ मैप तैयार किया गया। जगह जगह दबिश देकर आरोपीगणों को डिटेन किया जाकर गिरफ्तार किया गया। उक्त वादरत के खुलासा करने में राजेश मीणा कानि. व प्रधान कानि. का विशेष भूमिका रही। आरोपी मोनू व शेरू दोनों दिनभर घुमकर सुने मकानों की निगरानी करते है, उसके बाद अपने साथी शादाब, राजू बंगाली को कॉल करके मकानों के बारे में बताते है। साथी शादाब और राजू बंगाली, दीपक मीणा व अन्य साथी कोटा से आकर दिन के समय में ही सूने मकानों में चोरी करके वापस कोटा जाकर अपने रोजमर्रा को कार्य में लग जाते है। आरोपी राजू बंगाली बहुत ही शातिर नकबजन है, जिसके पहले अलग-अलग जिलों के अलग-अलग थानों में करीब 30 मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में मोईनुद्दीन उर्फ मोनू पुत्र शहीद अहमद, शेरू अली उर्फ शेरू उर्फ अली पुत्र शब्बीर, राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू बंगाली पुत्र स्व भीम सिंह एवं दीपक मीणा उर्फ दीपू पुत्र मुकेश मीणा को गिरफ्तार किया है।

### बेसमेंट संचालकों पर होगी कार्रवाई

**पावटा,** (निसं)। शासन से मिले निर्देश के बाद पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में भी नियमों को अनदेखा कर बेसमेंटमे संचालित कोचिंग, स्कूल, कॉलेज, लाइब्रेरी, शिक्षण संस्थान, मैरिज गार्डन, जिम, हॉस्पिटल, दुकान, पेट्रोल पंप, कंप्लेक्स, मार्ट-माल पर कार्यवाही की जायेगी। अनियमिताएं मिलने पर संस्थानों को सील किया जायेगा। इसे लेकर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ बसंत सैनी ने सूचना देते हुए बताया कि उपरोक्त समस्त जिनके पास फायर एनओसी, सुरक्षा उपकरण, निर्माण स्वीकृति,ट्रेड लाइसेंस, पालिका का अनापत्ति प्रमाण पत्र नही होने होने के बावजूद अवैध गतिविधियाँ संचालित कर रहे है उन्हे शीघ्र खाली करे जिससे भविष्य में होने वाली अनहोनी घटनाओं जैसे पानी भराव आगजनी व अन्य खतरनाक घटना हुए हादसों से बचाव सुरक्षा की जा सके। प्रशासन और नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा पालिका क्षेत्र में इनकी जांच करेगी। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ बसंत सैनी ने गाइड लाइन जारी करते हुए आगामी आदेशों तक बेसमेंट में समस्त प्रकार की संचालित गतिविधियां जैसे दुकान, लाइब्रेरी, क्लास रूम व अस्पताल आदि को पूर्ण रूप से बंद रखने, संचालित किए जाने हेतु पालिका से फायर एनओसी, निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस आदि नियमानुसार ऑन लाइन आवेदन कर स्वीकृति प्राप्त करने, पालिका क्षेत्र में समस्त व्यापारीगणों, दुकानदारो, ठेली संचालको, वाहन चालको, मोटर मालिको को पालिका क्षेत्र के मुय सडकों पर खीची गई निर्धारित सफेद पट्टी/पट्टी के आगे अपना सामान रखने व वाहनों को खडा करने, नो पार्किंग मे वाहन खडा करने पर जब्ती की कार्यवाही व नियमानुसार जुर्माना वसूलने, पालिका के मुय रोड जैसे छोटी पुलिया, दिल्ली बस स्टैंड, विराटनगर बस स्टैंड, बडी पुलिया, सुभाष चौक, घंटाघर के पास, होली चौक, प्रागपुरा पुलिया के पास किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया जाने पर पालिका द्वारा बिना किसी पूर्व नोटिस के खुर्द बुर्द करने व कार्यवाही अमल मे लाने की बात कही।

### परीक्षा के लिए आवेदन आज से शुरू

**निवाई,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन की अन्तिम तिथि 12 अगस्त है। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिया ने बताया कि महर्षिदयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की मुख्य परीक्षा नियमित एवं स्वयंपाठी अभ्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष सेनेस्टर द्वितीय के आमंत्रित किए गए है। स्नातक प्रथम वर्ष सेनेस्टर द्वितीय बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए व बीपीएस आवेदन 12 अगस्त तक किए जा सकते है। उन्होंने बताया कि उक्त आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाईट के होम पेज पर पेनल फॉर यूजी पार्ट सेनेस्टर 2024 पर विद्यार्थी स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते है। इसके अलावा ई-मित्र के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकते है।

### मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की

**निवाई,** (निसं)। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन नसिंया मंदिर में आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में जिन गुण सम्पत्ति मण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से पूजा अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि विधानाचार्य अशोक भाणजा के सानिध्य में गिर्राज चंवरिया, धनराज चंवरिया, रानी जैन, ममता जैन, मंजू देवी, कांति देवी, उर्मिला जैन, रिंकी जैन, मेघा जैन व मैनादेवी पराणा सहित कई श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ की विशेष शांतिधारा करके पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि विधान में विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा सोधर्म इंद्र परिवार द्वारा मण्डल विधान में पांच मंगल कलश की स्थापना की गई।

### 44 रक्तादाओं ने किया रक्तदान

**मालपुरा,** (निसं)। रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान। सुरजमल विजय राजपुरा वाले की पूण्यस्मृति मे आयोजित रक्तदान शिविर मे संतोकबा दुर्लभ जी ब्लड बैंक की टीम पहुंच करवाया रक्तदान। पवन जैन संगम व क्लब अध्यक्ष अमित विजय ने बताया कि रक्तदान शिविर मे पहुचे 44 रक्तादाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान।

### महिलाएं आज रखेंगी निर्जल व्रत

**पावटा,** (निसं)। हरियाली तीज पर सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं, भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। यह व्रत पति के दीर्घायु और वैवाहिक जीवन में सुख और समृद्धि लाने के लिए रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाओं के अलावा कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर पाने के लिए पूजा पाठ करने के साथ व्रत रखती हैं। जिसे लेकर पावटा उपखंड व आस पास के क्षेत्रों मे हरियाली तीज का पर्व बुधवार को परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया जायेगा। वही बाजारों में भी हरियाली तीज का रंग चढा हुआ है। दुकानों से लेकर ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की भीड लगी रही। मंगलवार को हरियाली तीज को लेकर जहां बाजार में रौनक छाई, वहीं महिलाओं में सजने संवरने का क्रेज चरम पर है। बाजार में सामान खरीदने आई महिलाओ ने बताया कि यह व्रत पति के दीर्घायु और वैवाहिक जीवन में सुख और समृद्धि लाने के लिए रखा जाता है।

## समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**चाकसू,** (निसं)। सोमवार को मनोहर तालाब स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति की ओर से विद्यार्थी सम्मान समारोह लहरिया उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक रामावतार बैरवा विशिष्ट अतिथि उपखंड शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा महंत बजरंग दास महाराज पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा आदि उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर समिति संरक्षक डॉक्टर मुकेश दीक्षित की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा मंत्री राम प्रकाश शर्मा एवं मंदिर समिति सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। अवसर पर शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि मेहनत एवं लगन से हर राह आसान हो जाती है। प्रतिभा पत्थर फाड़ कर निकलती है, उसे कोई रोक नहीं सकता है. सही मार्गदर्शन में मेहनत करने वाले विफल नहीं होते हैं।समाजसेवी कैलाश शर्मा ने कहा कि कोई भी परीक्षा कठिन नहीं है। अगर आप अपना शत-प्रतिशत किसी चीज में देते हैं, तो उसका फल आपको अवश्य मिलता है। वहीं, क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि में सफल विद्यार्थियों को आगे की चुनौतियों के लिये तैयार रहना होगा, तभी वे जीवन में सफल हो पायेंगे।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर शिक्षा के उत्थान के लिए कोई भी कमी आप लोगों को दिखती है तो हमें बताएं आप सभी के सहयोग से कमी को दूर करने का प्रयास हर हाल में करेंगे

उपस्थित अतिथियों ने चाकसू और कोटखावदा ब्लॉक 10वीं और 12वीं के प्रति मेधावी छात्र छात्रों को एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान लहरिया उत्सव और संस्कृत कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति भी दी गई।


## बाइक व पिकअप की भिड़ंत में एक घायल

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के बायपास रोड़ पर पिकअप तथा बाईक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाईक सवार दो जनें गंभीर घायल हो गए।घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां से दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड 4 श्रीमाधोपुर निवासी योगेश शर्मा पुत्र विजेन्द्र शर्मा और लोकेश शर्मा पुत्र प्रेम शर्मा बाइक पर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। तभी खंडेला रोड की ओर से आ रही एक पिकअप गाडी ने बाइक को टक्कर मार दी,जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों को लहुलुहान स्थिति में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से चिकित्सकों ने दोनो को हायसेंटर रैफर कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घायल योगेश शर्मा दिल्ली में कस्टम एक्साइज में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। शनिवार को ही योगेश गांव छुट्टी लेकर घर आया था,लेकिन सोमवार को हादसे का शिकार हो गया।

# जिस जेल में की नौकरी अब वहीं बन गया कैदी

**अलवर,** (निसं)। केंदीय कारागार की डिस्पेंसरी में कार्यरत लैब टैक्नीशियन को गांजा और अन्य प्रतिबंधित सामग्री के साथ रविवार को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

कार्यवाहक जेल अधीक्षक रूपकिशोर शर्मा ने बताया कि बुध विहार निवासी मनीष कुमार यादव (25) पुत्र कृष्ण कुमार यादव (निवासी गढी मुंडावर) अलवर जेल में डिस्पेंसरी में लैब टैक्नीशियन है। यादव रविवार को जेल पहुंचा तो जेल कर्मियों को उसके बैग में प्रतिबंधित सामग्री होने का शक हुआ। बैग की जांच की तो उसमें 8 पुडियों में 64 ग्राम गांजा, तीन मोबाइल, चार खैनी और 10 गुटखा के पाउच, 83 नग बीडी के बंडल मिले। यह सभी सामग्री दवाइयों के खाली रैपर में रखकर लाई गई थी, ताकि किसी को शक नहीं हो। जेलर रविंद्र उपाध्याय की



कैदी मनीष कुमार यादव

रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता लगाया जा रहा है कि वह इस तरह की सामग्री कब से जेल में सप्लाई कर रहा था। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस काम में कौन-कौन उसके साथ जुडे हैं। जेलों में इस तरह की सामग्री मिलने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी प्रदेश की कई जेलों में मोबाइल मिलने के मामले सामने आ चुके हैं। घी, बीडी-सिगरेट सहित अन्य खाद्य सामग्री भी महंगे दामों पर कैदियों को दी जाती है। इस तरह के मामलों में जेलकर्मियों की लिप्तता सामने आती रही है। मनीष पिछले चार साल से अलवर की सेंट्रल जेल की डिस्पेंसरी में कार्यरत है। अब तक वह जिस जेल में नौकरी कर रहा था, अब उसी जेल में वह बंदी के रूप में रहेगा। दौसा जेल से सीएम भजन लाल शर्मा को धमकी मिलने के बाद पिछले दिनों ही जिला प्रशासन और पुलिस के अफसरों ने भारी लवाजमे के साथ अलवर सेंट्रल जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया था।करीब सवा घंटे के सर्च ऑपरेशन के दौरान जेल वार्ड और बैरकों की तलाशी ली गई, लेकिन कोई निषिद्ध सामग्री नहीं मिली।

# घरों के बाहर भरा बरसाती पानी, लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

**निवाई,** (निसं)। ढाणी जुगलपुरा कलां में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीछे स्थित श्याम वाटिका द्वितीय कॉलोनी में बरसाती पानी भरा हुआ है। जिससे कॉलोनीवासियों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। कॉलोनीवासी पंडित रमाकान्त मिश्रा ने बताया कि कई दिनों से पानी की निकासी के अभाव में करीब 3 फीट तक बरसाती पानी भरा हुआ है।

जिससे बच्चों का स्कूल जाना नहीं हो रहा है। वहीं मकानों को भी

■ पानी की निकासी के अभाव में करीब 3 फीट तक बरसाती पानी भरा हुआ है

नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में आम रास्ता स्वीकृत है लेकिन रोड का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा नहीं करवाया गया है जिससे समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी का आम रास्ता बनवाने के लिए पूर्व में



ढाणी जुगलपुरा कलां में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीछे स्थित श्याम वाटिका द्वितीय कॉलोनी में बरसाती पानी भरा हुआ है।

कॉलोनिवासियों ने तत्कालीन एसडीएम त्रिलोकचन्द मीणा, तहसीलदार, पंचायत समिति प्रधान व पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा को ज्ञापन सौंपा गया था।

उन्होंने बताया कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने चरागाह व सिवायचक भूमि पर अतिक्रमण कर बरसाती पानी को अवरूद्ध कर रखा है। प्रशासन द्वारा पूर्व में अतिक्रमण हटवाया गया था। लेकिन लोगों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया जिसकी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रहीं है। कॉलोनिवासियों ने एसडीएम सुरेशकुमार हरसोलिया को कॉलानी में सीट में स्वीकृत रास्ता बनवाने एवं बरसाती पानी की निकासी करवाने की मांग की है।

## अनुष्ठान में उमड़े शिवभक्त

**निवाई,** (निसं)। जयपुर रोड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर अंगीरा धाम निवाई में सप्त दिवसीय महामृत्युंजय सवालक्ष जप अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य पं. बसन्त दाधीच केदारनाथ धाम झिराना ने बताया कि महामृत्युंजय अनुष्ठान में राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. केके विजय ने सपत्निक भगवान शिव व लक्ष्मीनारायण भगवान की विधि विधान एवं वैदिक, रुद्री मंत्रों से पूजा अर्चना की। उन्होंने शिवलिंग का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। आचार्य पं. बंसन्त दाधीच ने महामृत्युंजय सवालक्ष की महिमा बताते हुए कहा कि इस मंत्रोच्चारण से मानव की अकाल मृत्यु नहीं होती है। जीवन में सुख शांति का वास होता है। इस अवसर पर पं. मुकेश दाधीच, पं. गोविन्द शर्मा, पं. गोविन्द पारासर, पं. कृष्णावतार, पंडित रामअवतार, पंडित राजू शर्मा, पंडित दीपक शर्मा, अनील शर्मा, शिवरतन दरगड, राधेश्याम शर्मा व ओमप्रकाश विजयवर्गीय सहित कई श्रद्धालू मौजूद थे।

# अभियान के तहत जिले भर में लगेंगे 1 लाख 30 हजार पौधे

**खैरथल,** (निसं)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान हरियालो राजस्थान व एक पेड़ मां के नाम का 7 अगस्त को हरियाली तीज के मौके पर खैरथल तिजारा जिले के उपखंड की ग्राम पंचायत के गांव नंगली ओझा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत जिले भर में 1 लाख 30 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिले भर में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत चारागाह भूमि, सड़क किनारे, विद्यालयों, अमृत सरोवर, जल स्त्रोतों के किनारे पौधे लगाकर जिले को हरा-भरा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा सरकार के मिशन हरियालो-राजस्थान - एक पेड मां के नाम को साकार करने के लिए जिलेभर में हरियाली तीज पर जिला स्तर, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे और 1 लाख 30 हजार पौधे लगाये जाने का लक्ष्य है।

ब्लॉक स्तर पर यह आयोजन चारागाह ग्राम खोहरा पिपली ग्राम पंचायत कोलगांव किशनगढबास, वृक्षारोपण कार्य ग्राम इशरोदा तिजारा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान पर घीघाका कोटकासिम, नंगली ओझा मुंडावर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो पौधे लगाए जाएं, उन्हें बचाना भी जरूरी है इसलिए उन्होंने लगाए जा रहे सभी पौधों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि समय-समय पर निरीक्षण किया जा सके।

जिला कलेक्टर निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी पौधों की जानकारी हरियालो राजस्थान ऐप पर अपलोड की जाए और अभियान में जन सहभागिता को बढ़ाए। कलेक्टर ने वन विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सभी जगह पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि अभियान को अधिकतम सफल बनाया जा सके और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। इसी के साथ जिला कलेक्टर ने अभियान को एक उत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए लहरिया परिधानों के साथ जोड़ते हुए महिलाओं को लहरिया परिधान पहनकर कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान में हरियाली तीज का बड़ा महत्व है।

# कलेक्टर सौम्या झा ने मालपुरा का दौरा कर टोरडी सागर बांध का जायजा लिया

**टोंक,** (कासं)। टोंक जिले में लगातार हो रही बरसात के बाद क्षेत्र में बांधों में पानी की जबरदस्त आवक हुई है। कई छोटे-बड़े बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने सोमवार को मालपुरा क्षेत्र का दौरा किया तथा टोरडी सागर बांध का जायजा लिया। लगभग 28 वर्ष बाद टोरडी सागर बांध की चादर चलने की पूरी संभावना बनी हुई है। बांध में 30 फुट पानी की आवक हो गई है।

जिला कलेक्टर ने बांध का सुरक्षा की दृष्टि से जायजा लेते हुए उपखंड प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कार्यवाहक एसडीएम कपिल शर्मा, एएसपी रामकुमार कस्वा, जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार जैन, डीएसपी महेंद्र कुमार मीणा, थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा सहित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला प्रशासन ने जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के मध्य नजर



टोंक में डॉ. कलेक्टर सौम्या झा ने जिले का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

जलभराव, तेज बहाव वाले इलाकों, बांध से प्रभावित गांव, रपटा एवं एनिकट वाले क्षेत्रों में रेड अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने आमजन से नदी-नालों, तालाबों एवं एनिकटों से दूर रहने की अपील की है। साथ ही, सुरक्षात्मक उपाय के लिए आमजन जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट टोंक के दूरभाष नंबर 01432-245035 पर सूचना दे सकते है।

जिला प्रशासन ने उपखंड मालपुरा के टोरडी सागर बांध के प्रभावित क्षेत्र वाले गांव टोरडी, घाटी, कड़ीला, तिलांजू, देवलिया, अलियारी, डूंगरीखुर्द, करेलिया, झारेली, बालापुरा, शेरगढ, रायपुरिया, मनोकिया, केरवालिया, गुंजा, जानकीपुरा, डूंगरीकला, देवली पट्टी, भावलपुर के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही, जंवाली रपटा, खुरेड़ी रपटा, डूंढया रपटा, खुरेड़ी, मुमाणा देवरी एवं सिसोला एनिकट तथा प्रभावित सड़क मार्ग स्टेट हाईवे 37 मालुपरा से टोडारायसिंह, टोरडी से शेरगढ, टोरडी से रायपुरा, मंडा से बाएडा, नानेर से हमीरपुर, नानेर से करीमनगर, नानेर से हनोतिया, ठाटा से जवाली मालपुरा रोड़, पासरोटया झिराना रोड़ नानेर टोडारायसिंह रोड़ के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

■ जिला प्रशासन ने किया प्रभावित क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी

इसके साथ ही, निवाई क्षेत्र के मांशी बांध के प्रभावित क्षेत्र वाले गांव गुड्डारामदास, नौरंगपुरा, कचौलिया, प्यावड़ी, लोहरवाड़ा एवं मालपुरा क्षेत्र के चांदसेन बांध के भीपुर, ढोला का खेडा, चबराना, कुटका के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

## कॉलेज विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया

**निवाई,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय निवाई में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि प्राणिशास्त्र के प्रोफेसर मदन मोहन महावर, प्रोफेसर उषा बागडी एवं प्रोफेसर अजयकुमार मीना के सानिध्य में महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए पौधारोपण किया। प्राचार्य प्रोफेसर जैन ने बताया कि बिना पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के हम गुणवत्तापूर्ण और निरोग जीवन के हमारे ध्येय को भी प्राप्त नहीं कर सकते है। हमें प्रयत्न पूर्वक जीवन में अधिकाधिक पौधारोपण कर उनके परिपालन का दायित्व स्वयं स्वीकार करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. सुमन ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा संचालित हरियालों राजस्थान एवं अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की अनुपालना में महाविद्यालय परिसर को हरा भरा बनाए रखने के लिए छात्रों से पौधारोपण करवा कर उनके सार संभल की जिम्मेदारी दी गई। इसी के साथ नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# आम रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**चाकसू,** (निसं)। चाकसू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कादेड़ा के गांव बंधा की ढाणी ढुसरी और आसपास की ढाणियों के ग्रामीणों ने आम रास्ते को लेकर ज्ञापन सौंपा हैं।

सोमवार को ग्रामीण विधायक आवास पर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा और पंचायत समिति चाकसू में सरपंच प्रतिनिधि बद्रीनारायण चौधरी से मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने सभी को समस्या बताते हुए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए बताया कि ग्राम बंधा की ढाणी डूंसरी तहसील चाकसू में ग्रामवासीयो के आवागमन के लिये रास्ता नहीं है। अभी वर्तमानमें बारिस के मौसम के चलते हमारे ग्राम में आने-जाने का मार्ग बंद हो चुका है। हमारे ग्राम में आने-जाने के लिये अन्य मार्ग उपलब्ध नहीं है। जिससे ग्राम के बच्चे स्कुल नहीं जा पा रहे है। व ग्रामीण अपने रोजमर्रा के काम के लिए घर से बाहर नहीं जा पा रहे है। उक्त ग्राम में जाने का एकमात्र रास्ता डूंसरी स्कुल से चरागाह में से होकर है। उक्त रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं होंने के कारण सडक निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता हैं। न हीं रास्ते को सही किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने ढुसरी स्कुल से चरागाह में से होते हुये बंधा की ढाणी स्कुल तक रास्ता चालू करवाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने की मांग की है। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि श्रवण मीणा महेंद्र चौधरी हेमराज चौधरी रमेश बाबूलाल कालूराम शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।